Ministries/Departments and will be laid on the tables of both the Houses of Parliament with an Action Taken Memorandum.

(b) The National Commission for Minorities has informed that it may consider further resolution to repeal TADA, if need be.

(c) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में कमजोर वर्गों के लिए आरंभ की गयी योजनायें

1628. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश के कमजोर वर्गों के लिये आरम्भ की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में इन योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ग) क्या खर्च की गई धनराशि पर्याप्त थी; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार नौवीं पंचवर्षीय योजना में अधिक धनराशि आवंटित करने पर विचार कर रही है?

कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया): (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)

(ग) मंजूर की गई राशि राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों में प्रक्षेपित आवश्यकता के अनुसार है।

(घ) नौवीं पंचवर्षीय योजना आबंटन प्रस्तावों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

विवरण

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश में कमजोर वर्गों के लिए शुरू की गई योजनाएं।

(रुपए लाख में)

क्र०सं०	योजना का नाम	आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान व्यय की गई राशि
1.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों को मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	4806.17
2.	अस्वच्छ व्यवसायों में लगे लोगों के बच्चों को मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	692.20
3.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों की प्रतिभा उन्नयन	10.26
4.	बुक बैंक	183.58
5.	कोचिंग और सम्बद्ध योजना	
6.	अनुसूचित जाति के लड़कों के लिए होस्टल	106.41
7.	अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए होस्टल	228.69
8.	सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों की मुक्ति और पुनर्वास	16992.26
9.	सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 का कार्यन्वय	693.54
10.	अनुसूचित जाति विकास निगम	992.54
11.	अनुसूचित जातियों की विशेष संघटक योजना के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता	28261.11
12.	अनुसूचित जातियों के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता (स्वैच्छिक संगठनों को सीधे सहायता दी जाती है)	602.54
13.	कम साक्षरता वाली अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए विशेष शिक्षा विकास कार्यक्रम (1996-97 में नई योजना शुरू की गई)	4.25
14.	आदिवासी उपयोजना को विशेष केन्द्रीय सहायता	90.76
15.	कमजोर वर्गों के लिए परीक्षा पूर्व कोचिंग केन्द्र	80.00